# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 04.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे से होगी मंत्रिपरिषद की बैठक, राज्यहित में विभिन्न विभागों के कई प्रस्तावों पर लगेगी मुहर।**
2. **आदिवासी संगठनों के झारखंड बंद का मिला जुला असर, रांची समेत राज्यभर में सड़कों पर उतरे बंद समर्थक, कई स्थानों पर मार्गों को किया अवरुद्ध।**
3. **रामगढ़ के पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित पासिंग आउट पैरेड में 622 अग्निवीरों ने ली राष्ट्र सेवा की शपथ, साहस और शौर्य किया प्रदर्शन।**
4. **रांची में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर हुई छह, राज्यभर में उठाये जा रहे हैं ऐहतियाती कदम, सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने की सलाह।**
5. **कटक में आयोजित ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड को मिले चार पदक, रांची की कहकंशा परवीन ने जीता गोल्ड मेडल।।**

## समाचार विस्तार से

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे से रांची के प्रोजेक्ट भवन में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में कई प्रशासनिक, विकासात्मक और नीतिगत मुद्दों पर चर्चा होगी और राज्यहित में कई प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की जायेगी।

********************

आदिवासी संगठनों के झारखंड बंद का मिला जुला असर देखने को मिल रहा है। बंद के कारण लंबी दूरी की सड़क परिवहन व्यवस्था प्रभावित हुई है। राजधानी रांची में कई स्थानों पर बंद समर्थक सड़क पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। कांके, टाटीसिलवे सहित कई इलाकों में आदिवासी संगठनों ने सड़क जाम कर दिया है और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार आदिवासी विरोधी है।

उधर, गुमला जिले में बंद समर्थकों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर टायर को जलाकर सड़क मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। जिला मुख्यालय में व्यापारिक प्रतिष्ठान भी बंद हैं। खूंटी जिले में भी भारी वाहनों का परिचालन बंद है। यात्री वाहनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ है।

********************

भाजपा के कई नेताओं ने झारखंड बंद को अपना समर्थन दिया है। पार्टी विधायक सीपी सिंह ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार को आदिवासी हितों से कोई लेना–देना नहीं है।

********************

कांग्रेस ने बंद के सवाल पर भाजपा पर पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा है कि भाजपा राज्य के विकास में बाधक बन रही है।

********************

रामगढ़ जिले के पंजाब रेजिमेंट सेंटर में आज 622 अग्निवीरों का पासिंग आउट परेड में देश सेवा की शपथ ली। 31 सप्ताह के कठिन शारीरिक और मानसिक प्रशिक्षण के बाद ये सभी अग्निवीर ऐतिहासिक गौरवशाली पासिंग आउट परेड का हिस्सा बने। इस दौरान उन्होंने साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया। मौके पर पंजाब रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर साजेश बाबू पीजी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर अग्निवीरों को तैयार किया गया है।

प्रशिक्षण पूरा करने वाले अग्निवीरों में पासिंग आउट पैरेड को लेकर  खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने प्रशिक्षण के अपने अनुभवों को साझा किया।

इस अवसर पर तीन अग्निवीरों को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया।

*******************

रांची में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर छह हो गयी है। एक और मरीज में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही पूरे राज्य में कोरोना के संक्रमण से निपटने के लिए ऐहतियाती उपाय तेज कर दिये गये हैं। कोडरमा में भी व्यापक तैयारी की गयी है। सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने लोगों  को सतर्क रहने की सलाह दी है।

*******************

गुमला जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान सफलता पूर्वक चलाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए पूरा राष्ट्र अपने सैनिकों की वीरता को सलाम करता है। सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि स्वरूप आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इसी कड़ी में आज हम परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह को याद कर रहे हैं। एक रिपोर्ट

*******************

मौसम विभाग ने आज भी राज्य के उत्तर–पूर्व जिलों में बारिश और वज्रपात की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार रांची और अन्य जिलों में आसमान में बादल छाये रहेंगे। दोपहर बाद कुछ इलाकों में गरज के साथ हल्की बारिश भी हो सकती है।

*******************

ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने चार पदक हासिल किये हैं। कटक के जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में रांची की कहकंशा परवीन ने स्वर्ण पदक हासिल किया। काजल कुमारी ने राज्य के लिए रजत पदक और शिवानी कुमारी तथा कुसुम प्रिया ने कांस्य  पदक हासिल किया।

*******************